प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 127 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL


## सार संक्षेप




### राहुल ने आदिवासी जिलों के अध्यक्षों से किया संवाद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार में आदिवासियों के खिलाफ अन्याय और अत्याचार बढ़ रहे हैं और उनके 'जल-जंगल-जमीन' छीने जा रहे हैं। श्री गांधी ने बुधवार को यहां इंदिरा भवन में आदिवासी जिलों के अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए उनके जल-जंगल-जमीन और आदिवासी अधिकारों पर जोर दिया और कहा कि कांग्रेस को पूरी ताकत के साथ इस अन्याय के खिलाफ लड़ना है और आदिवासी अधिकारों की रक्षा करनी है।

### मप्र के सतना में नहर में गिरा ट्रक, तीन लोगों की मौत





**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई। तेज रफ्तार से जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर नेमुआ चौराहे के पास नेशनल हाईवे-39 से नीचे नहर में जा गिरा। पुलिस के अनुसार, सरिया (स्टील रॉड) से लदा ट्रक पहले डिवाइडर तोड़ते हुए नहर में जा गिरा, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय ट्रक में मौजूद ड्राइवर, क्लीनर और एक मजदूर केबिन में ही फंस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### आयोग की कार्रवाई में एक हजार करोड़ से अधिक की जब्ती



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि इस समय चल रहे विधानसभा चुनाव और उपचुनाव को धन और प्रलोभन से मुक्त रखने के लिए छापे और जब्ती की कार्रवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मंगलवार को 1072 करोड रुपए से अधिक की नकदी, महंगी धातुएं, शराब, मादक द्रव्य तथा उपहार के सामान जब्त किए गए हैं। आयोग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 15 मार्च को चुनाव की घोषणा के साथ सभी संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई थी।

### आज 4 बजे होगा घोषित उत्तर प्रदेश बोर्ड का रिजल्ट



**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं का परिणाम गुरुवार 23 अप्रैल को अपराह्न 4:00 बजे परिषद मुख्यालय, प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। परीक्षाफल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ऑफिशियल वेबसाइट और डिजिलॉकर रिजल्ट पोर्टल पर देखा जा सकेगा, जिससे छात्रों को घर बैठे ही परिणाम प्राप्त हो सकेगा।

---

### होर्मुज में फिर बढ़ा तनाव

# भारत आ रहे जहाज को ईरान ने रोका

## ईरान ने बिना इजाजत होर्मुज से गुजरने की कोशिश का आरोप लगाया

- आईआरजीसी ने दो जहाजों को अपने कब्जे में लिया
- एक शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर आ रहा था


**तेहरान,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट में दो जहाजों को अपने कब्जे में लिया है। इनमें से एक भारत की ओर आ रहा था। ईरान ने आरोप लगाया है कि ये जहाज बिना इजाजत होर्मुज से गुजरने की कोशिश कर रहे थे। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने बुधवार को कहा कि उसने होर्मुज़ जलडमरूमध्य में नियमों के उल्लंघन के आरोप में दो जहाजों को रोककर अपने कब्जे में लिया। आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि इन जहाजों को ईरान के तट पर लाया गया है और चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में 'व्यवस्था और सुरक्षा को बाधित करना ईरान के लिए लाल रेखा' है। आईआरजीसी ने जिन जहाजों की पहचान की है, उनमें एमएससी-फ्रांसेस्का शामिल है, जिसे उसने इजरायली स्वामित्व वाला बताया। दूसरा जहाज एपामिनोडेस है। लाइबेरिया के फ्लैग वाला एपामिनोडेस नाम का यह कंटेनर शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था। ईरानी नौसेना के मुताबिक जहाज के नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ की गई थी, जिससे समुद्री सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ।



### फ्रांस ने होर्मुज की नाकाबंदी को गलत बताया

*राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी को अमेरिका की गलती बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद ईरानी अधिकारियों ने अपना शुरुआती रुख बदल लिया।*

### ट्रंप ने ईरान के साथ संघर्ष विराम बढ़ाया



- पाकिस्तान के नेतृत्व के अनुरोध पर लिया फैसला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ईरान के साथ जारी युद्धविराम को बढ़ाने का ऐलान किया, लेकिन साथ ही नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखने का आदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि तेहरान को वार्ता आगे बढ़ाने के लिए पहले एक 'एकजुट होकर प्रस्ताव' पेश करना होगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर जारी बयान में कहा कि यह फैसला पाकिस्तान के नेतृत्व के अनुरोध और ईरान सरकार के भीतर मतभेदों को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा, 'ईरान की सरकार में गंभीर विभाजन है... इसलिए हमने अपने हमले को रोकने और युद्धविराम बढ़ाने का फैसला किया है, जब तक कि वे एक साझा प्रस्ताव पेश नहीं करते।'

### अमेरिकी नाकेबंदी हटाए, तब होगी वार्ता : ईरान

तेहरान। ईरान ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में शांति वार्ता के लिए तभी तैयार होगा जब अमेरिका उसके बंदरगाहों पर लगायी गयी नौसैनिक नाकेबंदी को समाप्त करेगा। ईरान ने अमेरिका की इस गतिविधि को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया है। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा संघर्षविराम की अवधि बढ़ाए जाने का मजाक उड़ाते हुए कहा कि 'हारने वाला पक्ष शर्तें नहीं थोप सकता' और इसे निरर्थक तथा संभावित रूप से आगे की सैन्य कार्रवाई के लिए समय खराब करने का प्रयास बताया।

---

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई कड़ी फटकार

## ममता के आचरण ने 'लोकतंत्र को खतरे में डाला'

**किसी मुख्यमंत्री का जांच में हस्तक्षेप करना लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर सकता है**

आई-पैक छापेमारी विवाद



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चल रही जांच में कथित हस्तक्षेप से लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कार्यों को राज्य और केंद्र सरकार के बीच मात्र विवाद कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ आई-पैक के कार्यालय में तलाशी अभियान के दौरान कथित बाधा डालने के आरोप में बनर्जी और पश्चिम बंगाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ ईडी की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने कथित आचरण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी मुख्यमंत्री का जांच के बीच में हस्तक्षेप करना लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर सकता है। न्यायमूर्ति मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौखिक रूप से टिप्पणी की, 'किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री किसी जांच या छानबीन के बीच में हस्तक्षेप करे... देखिए, इससे लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा और फिर यह तर्क दिया जाएगा कि यह मूल रूप से राज्य और केंद्र के बीच का विवाद है?' पीठ इस तर्क से सहमत नहीं थी कि इस मुद्दे को संघीय विवाद के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने अनुच्छेद 32 के तहत ईडी की याचिका की वैधता पर सवाल उठाए।

### ईडी अनुच्छेद 32 के तहत राहत नहीं मांग सकती: सिंघवी

*पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि ईडी मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर अनुच्छेद 32 के तहत राहत नहीं मांग सकती।*

---

### चुनाव आयोग से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

## खरगे के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी को लेकर शिकायत की**



फोटोः एएनआई

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधमंडल ने बुधवार को यहां चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी को लेकर शिकायत की तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में श्री रिजिजू के अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और श्री ओम पाठक और कई अन्य नेता शामिल थे। चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद श्री रिजिजू ने कहा, ' हम भारी मन और गहरी नाराज़गी के साथ इन अधिकारियों मिले। हमारे प्रतिनिधिमंडल के यहां आने का मुख्य कारण कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल की गई अपमानजनक भाषा है।'

### चुनाव आयोग का खरगे को नोटिस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आतंकवादी वाली टिप्पणी ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। भारतीय चुनाव आयोग ने बुधवार को मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी का संज्ञान लिया और मामले में नोटिस जारी किया। आयोग के अधिकारियों के अनुसार, इस बयान को आदर्श आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन माना गया है। नोटिस में खरगे से अगले 24 घंटों के भीतर अपना पक्ष रखने और स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। यह नोटिस तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले मतदान से ठीक एक दिन पहले आया है।

---

## बंगाल, तमिलनाडु में चुनाव की सभी तैयारियां पूरी

### बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर आज मतदान

- तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के पर होगा मतदान



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होनी है, जबकि तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के लिए मतदान होना है। इसको लेकर चुनाव आयोग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यहां तक कि सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

**बंगाल में इस चरण में हैं 1,478 उम्मीदवार**

पहले बात करते हैं पश्चिम बंगाल की तो यहां इस बार दो चरणों में चुनाव संपन्न कराया जाना है। पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान होना है। इस चरण में कुल 1,478 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, तीन करोड़ 60 लाख 77 हजार 171 मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इन मतदाताओं में एक करोड़ 75 लाख 77 हजार 210 महिलाएं अपने मत का इस्तेमाल करेंगी। आरक्षण को लेकर बने माहौल के बीच इस बार पश्चिम बंगाल में महिलाओं की भूमिका काफी अहम मानी जा रही है। बंगाल में पहले चरण में जहां मतदान होने हैं, उनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं। इनमें मुर्शिदाबाद की 22, कूचबिहार की 9, जलपाईगुड़ी की 7, अलीपुरद्वार की 5, कलिंपोंग की एक, दार्जिलिंग की 5, उत्तर दिनाजपुर की 9, दक्षिण दिनाजपुर की 6, मालदा की 12, बीरभूम की 11, पश्चिम बर्द्धमान की 9, पूर्व मेदिनीपुर की 16, पश्चिम मेदिनीपुर की 15, झारग्राम की 4, पुरुलिया की 9 और बांकुड़ा की 12 सीटें शामिल हैं।

### तमिलनाडु में 4,023 उम्मीदवार मैदान में

तमिलनाडु की बात करें तो राज्य में सभी सीटों पर एक चरण में ही चुनाव संपन्न कराया जाना है। 23 अप्रैल को ही सभी 234 सीटों पर मतदान होना है। तमिलनाडु में इस बार 4,023 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव में कुल 5.73 करोड़ मतदाता अपने मत का इस्तेमाल कर उम्मीदवारों की किस्मत लिखेंगे।

---

### निजी स्कूलों में महंगी किताबों पर एनएचआरसी सख्त

## निजी प्रकाशकों की किताबें छात्रों पर थोप रहे स्कूल

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी किया है। निजी स्कूल नियमों का उल्लंघन करते हुए महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें छात्रों पर थोप रहे हैं। इस शिकायत के मिलने के बाद यह नोटिस जारी किया गया है। एनएचआरसी के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने एक शिकायत पर संज्ञान लिया।



- राज्यों और शिक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी किया

शिकायत में कहा गया था कि कई निजी स्कूल, एनसीईआरटी या एससीईआरटी की किताबों के बजाय निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य कर रहे हैं। निजी प्रकाशकों की किताबें एनसीईआरटी की किताबों की तुलना में काफी महंगी होती हैं। इससे परिवारों पर बहुत ज्यादा आर्थिक बोझ पड़ता है। एनसीईआरटी की किताबें सस्ती रखने के लिए सब्सिडी दी जाती है। शिकायत में यह भी कहा गया कि यह प्रथा नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 (एनईपी 2020) के उद्देश्य के खिलाफ है, जो सभी के लिए समान और सुलभ शिक्षा की बात करती है। साथ ही यह राइट टू एजुकेशन एक्ट 2009 (आरटीई अधिनियम, 2009) की धारा 29 का उल्लंघन भी है।

### कितने छात्र कहां पढ़ रहे भी पूछा

राज्यों से यह भी पूछा गया है कि सरकारी और निजी स्कूलों में कितने छात्र पढ़ रहे हैं? 2025-26 सत्र के लिए कौन-कौन सी किताबें खरीदी गई हैं और नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए क्या कोई निरीक्षण या ऑडिट किया गया है या नहीं? जहां ऑडिट नहीं हुआ है, वहां एनएचआरसी ने 30 दिनों के भीतर स्कूल-वार जांच करने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

---

## दिल्ली में अफसर की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या

### नौकर पर शक, एक महीने पहले काम से निकाला था

- रोज की तरह जिम गए हुए थे माता-पिता

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में बुधवार सुबह एक सीनियर आईआरएस अफसर के घर में उनकी 22 साल की बेटी की रेप के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 6 बजे उस समय हुई जब युवती घर में अकेली थी।



आईआरएस अफसर और उनकी पत्नी रोज की तरह जिम गए हुए थे। वापस लौटे तो बेटी का शव कमरे में मिला। वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसके साथ पहले रेप किया गया। फिर मोबाइल फोन के चार्जिंग केबल से गला घोंटकर हत्या की गई।

पुलिस के मुताबिक, मामले में 19 साल का राहुल मीणा मुख्य संदिग्ध है। वह आईआरएस अफसर के घर में करीब आठ महीने तक नौकर था। उसे करीब एक महीने पहले रोजमर्रा के खर्चों में गड़बड़ी के आरोप में नौकरी से हटा दिया गया था।

---

### पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी

## मोदी, शाह ने मारे गए लोगों को किया याद

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी पर उसमें प्राण गंवाने वाले लोगों को याद किया है और आतंकवाद के खिलाफ सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया है। श्री मोदी ने अपने संवेदना संदेश में मंगलवार को कहा,' पिछले साल इसी दिन पहलगाम में हुए भयावह आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, ' एक राष्ट्र के रूप में, हम शोक की घड़ी में एकजुट हैं और दृढ़ संकल्प हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। हम आतंकवादियों के घिनौने मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।'



---

**मौसम** — *मौसम विभाग ने जारी किया भीषण गर्मी का अलर्ट*

# उत्तर भारत में लू का प्रकोप शुरू

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां) भारत मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के मैदानी इलाकों में कम से कम अगले चार-पांच दिनों तक लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी मध्य प्रदेश, ओडिशा, विदर्भ, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम राजस्थान के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40-45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है।

इसके अलावा हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, तेलंगाना, रायलसीमा और तमिलनाडु में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने बताया कि कई राज्यों के मैदानी इलाकों में रात का तापमान भी 20 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। उत्तर भारत में लगातार बढ़ती इस

- बिजली की कटौती से भी लोग परेशान



फोटोः एएनआई

गर्मी के बीच बिजली की कटौती से आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। महाराष्ट्र का नागपुर शहर पिछले कुछ दिनों से 44 डिग्री सेल्सियस तापमान की मार झेल रहा है। भीषण गर्मी के बीच यहाँ बार-बार हो रही बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। नागरिकों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के दिन में कई बार बिजली काटी जा रही है।

उत्तर भारत में भी स्थिति अलग नहीं है। पंजाब में बढ़ते तापमान के बीच बिजली की लंबी कटौती की जा रही है। पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) ने बिजली लाइनों की मरम्मत और सिस्टम अपग्रेड का हवाला देते हुए कई हिस्सों में आठ से 10 घंटे तक की कटौती लागू की है।

### उप्र के 30 जिलों में लू का अलर्ट

उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में लू का अलर्ट है। आगरा में ताजमहल पहुंचे 6 पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई। राजस्थान के उदयपुर, जयपुर में पर्यटकों की संख्या घट गई है। मध्य प्रदेश के भोपाल समेत 9 जिलों में पहली बार 'वार्म नाइट' की चेतावनी दी है।

# आधुनिक भारत को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर ही आगे बढ़ना चाहिए : राधाकृष्णन

**बीदर,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कर्नाटक के बीदर जिले के भालकी स्थित चन्नबसव आश्रम में हिरेमठ संस्थान के पूज्य डॉ. बसवलिंग पट्टादेवरु महास्वामीजी की 75वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'अमृत

■ **उपराष्ट्रपति ने कर्नाटक के बीदर में अमृत महोत्सव समारोह को किया संबोधित**

महोत्सव' समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने आश्रम की पावन भूमि को अपनी उपस्थिति से गौरवान्वित किया और संत परंपरा के महत्व पर गहन चिंतन प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने डॉ. बसवलिंग पट्टादेवरु महास्वामीजी के जीवन और कार्यों की सराहना की। उन्होंने उन्हें करुणा, सेवा और समाज सुधार का जीवंत प्रतीक बताया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि महास्वामीजी ने वर्षों से न केवल आध्यात्मिक क्षेत्र में योगदान दिया है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। बसवन्ना की वचन परंपरा आज



डॉ. बसवलिंग करुणा, सेवा व समाज सुधार का जीवंत प्रतीक : राधाकृष्णन

भी प्रासंगिक है और हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि आधुनिक भारत को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर ही आगे बढ़ना चाहिए।

**भगवान बसवन्ना की शिक्षाओं का लिया विशेष उल्लेख**

इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने भगवान बसवन्ना की शिक्षाओं का विशेष उल्लेख किया। पूजनीय संत भगवान बसवन्ना का जीवन समानता, करुणा और सच्चे धर्म की नींव पर टिका है। आज हमें उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए, जहां जाति, धर्म या वर्ग के आधार पर कोई भेदभाव न हो। संतों और महात्माओं की परंपरा हमें सिखाती है कि सच्ची सेवा और करुणा ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बसवन्ना जैसे महापुरुषों के आदर्शों को अपनाएं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

समारोह में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक सरकार के वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मंत्री ईश्वर खंड्रे, नगर प्रशासन मंत्री रहीम खान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने महास्वामीजी के योगदान को याद किया और समारोह को यादगार बनाने में योगदान दिया।

## एम्स के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे उप-राष्ट्रपति

**देहरादून।** उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में गुरुवार को छठवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश के उप-राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 386 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। एम्स निदेशक और सीईओ प्रो डा. मीनू सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह में एमबीबीएस के 2019 बैच सहित पूर्व बैच के दो छात्र, बी.एससी.नर्सिंग बैच 2021, एमडी/एमएस/एमडीएस बैच जुलाई 2022 एवं जनवरी 2023, एम.एससी. नर्सिंग के बैच 2023, एम.एससी. मेडिकल के बैच 2022, एमपीएच के जनवरी 2024 बैच, डीएम/एम.एच. जुलाई 2022 एवं जनवरी 2023 बेच तथा पीएचडी के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

## त्रिशूर विस्फोट की न्यायिक जांच के आदेश

**तिरुवनंतपुरम,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल कैबिनेट ने बुधवार को त्रिशूर के मुंदाथिकोड में एक पटाखा इकाई में हुए विस्फोट के लिए एक व्यापक राहत पैकेज को मंजूरी दी और न्यायिक जांच के आदेश दिए। इस हादसे में कई लोगों की जान चली गयी थी और कई अन्य घायल हो गये थे। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में ऑनलाइन हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की राज्य कार्यकारी समिति से इस घटना को 'राज्य-विशिष्ट आपदा' घोषित करने की सिफारिश की जाएगी। न्यायिक जांच की घोषणा करते हुए कैबिनेट ने विस्फोट की परिस्थितियों की जांच के लिए न्यायमूर्ति सी.एन. रामचंद्रन नायर को एकल सदस्यीय आयोग नियुक्त किया। मुआवजा पैकेज के हिस्से के रूप में मृतकों के परिजनों को 14 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे, जिसमें राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) से चार लाख रुपये और मुख्यमंत्री संकट राहत कोष से 10 लाख रुपए शामिल हैं। घायलों को एसडीआरएफ के मानदंडों के अनुसार वित्तीय सहायता के साथ-साथ मुख्यमंत्री राहत कोष से अतिरिक्त दो लाख रुपये मिलेंगे। सरकार सार्वजनिक और पैनल में शामिल निजी अस्पतालों, दोनों में छह महीने तक घायलों के इलाज का पूरा खर्च भी वहन करेगी।

■ **केरल कैबिनेट ने की 14 लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा**

## देवभूमि जाने वाले श्रद्धालुओं को मोदी ने लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केदारनाथ धाम और चारधाम यात्रा भारत की अटूट आस्था, एकता और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के सम्मान का दिव्य उत्सव है। मोदी ने उत्तराखंड देवभूमि में श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के नाम पत्र लिखकर पांच संकल्प लेने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इन तीर्थयात्राओं से देश की शाश्वत विरासत और आध्यात्मिक चेतना के दर्शन होते हैं। प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में अपना यह पत्र साझा किया है। मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा है,' देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आज श्री केदारनाथ धाम के कपाट पूरे विधि-विधान के साथ हम सभी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। केदारनाथ धाम और चारधाम की यह यात्रा हमारी आस्था, एकता और समृद्ध परंपराओं का दिव्य उत्सव है। इन यात्राओं से हमें भारत की सनातन संस्कृति के दर्शन भी होते हैं। इस वर्ष चारधाम यात्रा के आरंभ उत्सव पर, उत्तराखंड आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए मैंने एक पत्र के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। मेरी कामना है कि बाबा केदार सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और आपकी यात्राओं को शुभ करें। हर-हर महादेव! पत्र में उन्होंने श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाये रखने, नदियों की सफाई में योगदान, प्लास्टिक का उपयोग न करने, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लेने को कहा है। मोदी ने सेवा, सहयोग और एकता पर भी बल दिया है और लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों की खरीद करें। वे नियमों और यातायात के निर्देशों का पालन करें ताकि यात्रा को सुरक्षित और सुचारू बनाया जा सके। प्रधानमंत्री ने लोगों से यह भी कहा है कि वे उत्तराखंड की लोक कथाओं और लघु परंपराओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें।



■ पांच संकल्प लेने को कहा

**सार संक्षेप**

### कश्मीरी नेताओं ने पहलगाम पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** कश्मीर में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने बुधवार को पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर पीड़ितों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इन नेताओं ने सामूहिक शोक व्यक्त करते हुए क्षेत्र में हिंसा को समाप्त करने एवं स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए एकजुट संकल्प दोहराया। गौरतलब है कि 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम के लोकप्रिय पर्यटन स्थल के पास स्थित सुरम्य बैसरन घास के मैदानों पर हमला किया, जो कश्मीर में नागरिकों पर हुए सबसे घातक हमलों में से एक था और इसमें 25 पर्यटक और एक स्थानीय गाइड मारे गए।

### आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नादेंडला भास्कर राव का निधन

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नादेंडला भास्कर राव का बुधवार को 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे हैदराबाद के एक अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे थे और पिछले कुछ समय से उम्र से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। भास्कर राव ने वर्ष 1984 में तेलुगु देशम पार्टी के शासन के दौरान संक्षिप्त समय के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था। यह वह समय था जब तत्कालीन मुख्यमंत्री एन.टी. रामा राव इलाज कराने को अमेरिका गए हुए थे।

### झारखंड में हाथियों के हमले में दो की मौत

**कोडरमा।** झारखंड के कोडरमा जिले में जयनगर थाना क्षेत्र के कंझियाडीह गांव में बीती रात हाथियों के हमले में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान बिहार के फतेहपुर गांव निवासी 32 वर्षीय राजकुमार मांझी और 12 वर्षीय लवकुश के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कंझियाडीह स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों के बीच उस समय अफरा-तफरी मच गई जब हाथियों का झुंड अचानक पहुंच गया।

### तेलंगाना में टीजीएसआरटीसी की हड़ताल शुरू

**हैदराबाद।** सरकार और श्रमिक संघों के बीच बातचीत विफल होने के बाद मंगलवार आधी रात से पूरे राज्य में टीजीएसआरटीसी कर्मचारियों की हड़ताल शुरू हो गई, जिससे बस सेवाएं गंभीर रूप से बाधित हुई हैं व पूरे तेलंगाना में लाखों यात्री प्रभावित हुए हैं। बसें पहली पाली से ही डिपो तक ही सीमित रहीं, जिससे हैदराबाद और वारंगल जैसे प्रमुख शहरों में यात्रियों को निजी परिवहन पर निर्भर होना पड़ा। आरटीसी संघों की संयुक्त कार्य समिति ने सरकार पर टालमटोल की रणनीति अपनाने व उनकी 32 प्रमुख मांगों पर स्पष्ट आश्वासन देने में विफल रहने का आरोप लगाया।

## झारखंड में द्वितीय विश्व युद्धकालीन 227 किलो का बम निष्क्रिय

**जमशेदपुर,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत पानीपोड़ा-नागुड़साई इलाके में स्वर्णरेखा नदी किनारे मिले लगभग 227 किलोग्राम वजनी विशाल बम को भारतीय सेना की विशेषज्ञ टीम ने बुधवार को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। सेना की त्वरित और सटीक कार्रवाई से एक संभावित बड़े खतरे को समय रहते टाल दिया गया है। इस ऑपरेशन के बाद पिछले कई दिनों से दहशत के साये में जी रहे स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासन ने राहत की सांस ली है। सेना की टीम ने ऑपरेशन से पहले लगातार दो दिनों तक बम का गहन तकनीकी निरीक्षण किया। इस दौरान उसकी बनावट, विस्फोटक क्षमता और आसपास के इलाके पर संभावित असर का विस्तार से आकलन किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र को सेना और पुलिस ने घेराबंदी कर छावनी में तब्दील कर दिया था। आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई थी और आसपास के गांवों में कड़ी निगरानी रखी गई। बुधवार को सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विशेषज्ञों की देखरेख में बम को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया। प्रशासन और ग्रामीणों ने सेना की त्वरित और सटीक कार्रवाई की सराहना की है। करीब एक सप्ताह पहले स्वर्णरेखा नदी में बालू खुदाई के दौरान इस बम के मिलने के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। मिसाइलनुमा इस बम के साथ कुछ युवकों की तस्वीरें वायरल होने के बाद प्रशासन अलर्ट हुआ।



■ **लोगों ने राहत की सांस ली**

# मोदी सरकार ने महिलाओं को दिया धोखा : कांग्रेस

■ **महिला आरक्षण की मांग पर मोदी को भेजेंगे दस लाख पोस्ट कार्ड**

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि उसमें इस मामले में जरा भी ईमानदारी है तो उसे तत्काल संसद की मौजूदा सीटों से ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देना चाहिए।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता देश की महिलाओं को संसद तथा विधानसभाओं में संसद से पारित आरक्षण कानून को लागू करने की मांग को लेकर अगले दो महीने में 10 लाख पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजेंगी। लांबा ने कहा कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार ने देश की महिलाओं को धोखा दिया है। उनका कहना था कि यदि भाजपा सरकार महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है तो उसे संसद की मौजूदा सीटों के आधार पर ही आरक्षण लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी तथा भाजपा की सोच बुनियादी तौर पर महिला विरोधी है, इसलिए वे 543 लोकसभा सीटों के बजाय 800 से अधिक सीटें होने पर ही महिलाओं को आरक्षण देने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को मौजूदा लोकसभा सीटों के आधार पर महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था तुरंत लागू करनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि इस कानून को लागू करने में देरी क्यों हो रही है। लांबा ने बताया कि महिला कांग्रेस देशभर में पोस्टकार्ड अभियान चला रही है। यह अभियान हैदराबाद से शुरू हुआ था और आज राष्ट्रीय राजधानी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मई और जून में 10 लाख पोस्टकार्ड के जरिए महिला आरक्षण की मांग उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका संगठन 'नारी शक्ति वंदन अभियान- आज, अभी करो' के नारे के साथ देशभर में अभियान चला रहा है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं अपने नाम और पते के साथ महिला आरक्षण लागू करने की मांग संबंधी पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री को भेजेंगी। 'महिला आरक्षण आज और अभी लागू करो' के नारे वाले ये पोस्टकार्ड मानसून सत्र से पहले प्रधानमंत्री को सौंपे जाएंगे।

गौतम ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण का केवल दिखावा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के शासन में चार लाख 56 हजार मामले दर्ज हुए हैं, जो कुल घटनाओं का लगभग 30 प्रतिशत हैं।



मोदी तथा भाजपा की सोच बुनियादी तौर पर महिला विरोधी : अलका लांबा

### भाजपा की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं रही : कांग्रेस

लंबा के साथ ही कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने तथा उनके साथ न्याय करने की नहीं रही है। यदि पार्टी सच में महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है तो उसे 543 लोकसभा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए।

# मप्र में महिला आरक्षण बिल को लेकर सियासी संग्राम तेज



■ 27 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र

**भोपाल,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में महिला आरक्षण बिल को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। राज्य में 27 अप्रैल को एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र बुलाया गया है, जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा होगी। इस बीच सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी दल कांग्रेस एक-दूसरे पर जनता को गुमराह करने के आरोप लगा रहे हैं। यह बहस अब संसद से निकलकर राज्य की राजनीति में पहुंच गई है, जहां नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी हो रही है। जैसे-जैसे सत्र की तारीख नजदीक आ रही है, भोपाल में विवाद बढ़ता जा रहा है और महिला आरक्षण राज्य की राजनीति का बड़ा मुद्दा बन गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर भ्रम पैदा कर रही है। कांग्रेस हमेशा से विधानसभाओं में महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने के पक्ष में रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार वास्तव में महिला आरक्षण को लेकर गंभीर है, तो इसे तुरंत लागू करना चाहिए और इसे परिसीमन (डिलिमिटेशन) या अन्य शर्तों से नहीं जोड़ना चाहिए।

### विशेष सत्र बुलाने के फैसले पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेता ने विशेष सत्र बुलाने के फैसले पर भी सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक बताया। उन्होंने कहा कि सिर्फ राजनीतिक संदेश देने के लिए विशेष सत्र बुलाना सही नहीं है। विधानसभा में महंगाई, बेरोजगारी और राज्य के अन्य मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। यह विशेष सत्र राज्यपाल मंगुभाई पटेल की मंजूरी के बाद संविधान के अनुच्छेद 174(1) के तहत बुलाया गया है। विधानसभा की बैठक 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे भोपाल में होगी।

## ईडी के समक्ष पेश हुईं टीएमसी की पूर्व सांसद नुसरत जहां

**कोलकाता,** 22 अप्रैल (एजेसियां)। बंगला फिल्म अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद नुसरत जहां बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के समक्ष पेश हुईं। नुसरत कोलकाता के बाहरी इलाके राजारहाट में एक आवासीय परियोजना से जुड़े कथित आवास धोखाधड़ी के मामले में समन भेजे जाने के बाद साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय पहुंचीं। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि सुश्री नुसरत एक रियल एस्टेट कंपनी की निदेशक थीं। यह कंपनी राजारहाट में आवासीय फ्लैट विकसित कर रही थी। उन्होंने जानकारी दी कि जिस कंपनी में उन्होंने निदेशक के रूप में कार्य किया है, उस पर वादा किए गए फ्लैट देने में विफल रहने और सैकड़ों संभावित घर खरीदारों से धन एकत्र करने का आरोप है। एक अन्य अधिकारी के अनुसार, लगभग 429 खरीदारों में से प्रत्येक ने राजारहाट परियोजना में आवासीय इकाइयों के लिए लगभग 5.5 लाख रुपये का भुगतान किया था, जिससे इसमें शामिल कुल राशि 25 करोड़ रुपए से अधिक हो गई। भुगतान के बावजूद, कथित तौर पर फ्लैट कभी नहीं सौंपे गए, जिससे प्रभावित खरीदारों को कानूनी रास्ता अपनाना पड़ा। नुसरत ने हालांकि कई मौकों पर खुद को इस रियल एस्टेट फर्म से अलग बताया है।

## जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने की अपनी नई टीम की घोषणा

**पटना,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बुधवार को अपनी नई टीम की घोषणा कर दी। जदयू ने अपने नए पदाधिकारियों की सूची में अनुभवी नेताओं को तरजीह दी है। हालांकि, इस सूची में हाल ही में राजनीति में आए निशांत कुमार को जगह नहीं मिली है। जदयू के नेता आफाक अहमद खान द्वारा जारी इस सूची में कुल 24 पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं।

नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले बिहार के पूर्व मंत्री अशोक चौधरी को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नीतीश कुमार की टीम में संजय कुमार झा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने रहेंगे, जबकि पूर्व सांसद चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा सांसद आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नीतीश कुमार ने अपनी टीम में 12 महासचिव बनाए हैं, जिसमें मनीष कुमार वर्मा, आफाक अहमद खान, श्याम रजक, अशोक चौधरी, विधायक रमेश सिंह कुशवाहा, राम सेवक सिंह, कहकशां परवीन, कपिल हरिश्चंद्र पाटिल, राज सिंह मान, सुनील कुमार, हर्षवर्धन सिंह और मौलाना गुलाम रसूल बलियावी शामिल हैं।

नीतीश कुमार की टीम में प्रवक्ता की जिम्मेदारी राजीव रंजन प्रसाद संभालेंगे। इन्हें सचिव भी बनाया गया है। इसके अलावा रविंद्र प्रसाद सिंह, विद्या सागर निषाद, दयानंद राय, संजय कुमार, मोहम्मद निसार, रुही तामुंग और निवेदिता कुमारी को सचिव बनाया गया है।



कार्यकारी अध्यक्ष बने रहेंगे संजय झा

**चिंता** पहलगाम नरसंहार के बाद आपरेशन सिंदूर के जख्म अभी भी हरे

# उड़ी के निवासियों के लिए हालात में नहीं आया कोई खास बदलाव

**जम्मू,** 22 अप्रैल

एक साल पहले आज ही के दिन आतंकियों ने पहलगाम की बैसरन वैली में वो कर दिखाया था जिसकी किसी ने सपने में भी उम्मीद नहीं की थी। और फिर उसके उपरांत भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चला जो बदला लिया गया उसकी भी उम्मीद पाकिस्तान को नहीं थी।

पर इतना जरूर है कि लाइन ऑफ कंट्रोल के पास जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में तनाव बढ़ने के एक साल बाद भी, जिन गांवों को हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ा था, वे अभी भी शारीरिक, आर्थिक और भावनात्मक रूप से खुद को फिर से खड़ा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे ही एक गांव उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले में, खासकर उड़ी सेक्टर में, मई 2025 में हुए सीजफायर उल्लंघन के निशान अभी भी साफ दिखाई देते हैं। टूटे-फूटे घर जिनकी छतें टीन से पैच की हुई हैं, बंद या आधे-अधूरे बनी हुई दुकानें, और जंग लगे वाहनों के ढांचे सड़कों के किनारे दिखाई देते हैं; ये सब सीमा पार से हुई गोलाबारी और ड्रोन हमलों के बाद अचानक बढ़े तनाव की खामोश याद दिलाते हैं। जो संकट कभी सुर्खियों में छाया रहता था, वह अब राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के ध्यान से ओझल हो चुका है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि उड़ी के निवासियों के लिए हालात में कोई खास बदलाव नहीं आया है। भले ही मलबे का ढेर हट गया हो, लेकिन हालात सुधरने की रफ्तार बहुत धीमी और असमान रही है।



■ **अभी भी साफ दिखाई देते हैं सीजफायर उल्लंघन के निशान**

कई परिवार अभी भी आंशिक रूप से मरम्मत किए गए घरों में ही रहने को मजबूर हैं, और तबाही के बचे-खुचे निशानों के बीच ही अपनी रोजमर्रा की जिंदगी गुजार रहे हैं। उड़ी के स्थानीय निवासी शेख अब्दुल रहमान कहते थे कि हमारे घर पर तोप के गोले बरस रहे थे, हमें सचमुच लगा था कि अब हम जिंदा नहीं बचेंगे। शुक्र है कि ठीक समय पर सीजफायर (युद्धविराम) की घोषणा हो गई और हमारी जान बच गई। लेकिन वह डर कभी हमारा पीछा नहीं छोड़ता; यहां तक कि टायर फटने की आवाज सुनकर भी हम घबरा जाते हैं। उनका कहना था कि राज्य और केंद्र सरकारों ने हमें 3 लाख रुपये का मुआवजा दिया है, जबकि मेरे घर को हुए नुकसान की भरपाई के लिए लगभग 20 लाख रुपये की जरूरत है। हमने अपनी सुरक्षा के लिए बार-बार एक बंकर बनाने की गुजारिश की है, लेकिन सीजफायर उल्लंघन का बार-बार नुकसान झेलने के बावजूद, हमारी ये गुजारिशें अभी भी अनसुनी ही बनी हुई हैं। एक साल पहले पाक परस्त आतंकियों द्वारा कश्मीर में फैले आतंकवाद के इतिहास में अंजाम दी गई सबसे कायराना हरकत की बरसी पर प्रदेश में गम और गुस्सा बरकरार है।

यह गुस्सा कितना है, इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक स्वर में कहा है कि हम भूलेंगे नहीं और हम माफ नहीं करेंगे।

# सड़क पर दौड़ रहीं एक ही नंबर की दो कारें

## पुलिस लिखी फर्जी कार एसपी ऑफिस के बाहर खड़ी, 3 जिलों में शिकायत दर्ज







**उदयपुर।** उदयपुर और भीलवाड़ा में सामने आए एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक ही कंपनी और एक ही नंबर की गाड़ी एक ही समय पर 2 अलग-अलग जगहों पर थी। भीलवाड़ा पुलिस ने जिसके नाम गाड़ी आरटीओ में रजिस्टर्ड है उसको फोन कर हटाने के लिए कहा तो उसने कहा उसकी गाड़ी तो उदयपुर में उसके घर है। दूसरी गाड़ी जिसे फर्जी बताया गया वह भीलवाड़ा एसपी ऑफिस के बाहर खड़ी थी और उसको चलाने वाला एक पुलिस कॉन्स्टेबल था। यह मामला सामने आने पर गाड़ी मालिक सकते में आ गया और उसने दोनों जिलों के एसपी को शिकायत भेजी। RJ27CK2614 नंबर की टाटा अल्ट्रोज कंपनी की एक ही कलर और मॉडल की कार भीलवाड़ा एसपी ऑफिस के बाहर खड़ी थी। गाड़ी पर 'पुलिस' लिखा था। भीलवाड़ा ट्रैफिक शाखा में तैनात हेड कॉन्स्टेबल लेहरू लाल ने आरटीओ में रजिस्ट्रर्ड नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक उदयपुर जिले के गोगुंदा निवासी जयदीप सिंह पुत्र अजय सिंह झाला को मोबाइल पर कॉल कर वाहन हटाने को कहा। तब पता चला कि जयदीप की गाड़ी तो उसके घर गोगुंदा में खड़ी है। तब समझ में आया कि असली के साथ फर्जी गाड़ी भी सड़क पर दौड़ रही है। गाड़ी के मालिक जयदीप ने हाल ही में एमएससी पास किया है और अब वह गवर्नमेंट जॉब की तैयारी कर रहे हैं, उनके पिता सरकारी टीचर हैं। यह मामला तब और दिलचस्प हो गया जब यह सामने आया कि जिसे फर्जी गाड़ी बताया जा रहा है वह पुलिसकर्मी चला रहा था। असल में भीलवाड़ा ट्रैफिक पुलिसकर्मी को गाड़ी मालिक गोगुंदा निवासी जयदीप सिंह ने स्पष्ट किया कि उनकी गाड़ी तो उनके घर के पार्किंग में खड़ी है। इस बीच पुलिसकर्मी ने जयदीप को कहा कि आपकी गाड़ी भीलवाड़ा में खड़ी है और उसकी तस्वीरें भेजी तो जयदीप सिंह चकरा गया। भीलवाड़ा में खड़ी कार पर 'पुलिस' लिखा हुआ था और अंदर पुलिस की टोपी भी रखी हुई थी। उसी समय भीलवाड़ा एसपी कार्यालय के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति आया। पुलिसवर्दी में आए व्यक्ति ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी को बताया कि वह खुद भी कॉन्स्टेबल है उसका नाम राजू बताया है और वहां खड़ी उस गाड़ी को लेकर चला गया। दरअसल में यह मामला 16 अप्रैल का है और 21 अप्रैल को इस संबंध में जयदीप सिंह झाला ने उदयपुर और अजमेर आईजी और उदयपुर और भीलवाड़ा एसपी को ई-मेल से शिकायत की। जयदीप ने बताया कि उनको 16 अप्रैल की दोपहर 12.15 बजे भीलवाड़ा ट्रैफिक कॉन्स्टेबल का फोन आया और उसने अपना नाम लेहरूलाल बताया था। जयदीप झाला ने बताया कि उन्होंने 16 अप्रैल को ही गोगुंदा थाने में रिपोर्ट दी थी लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी तो उन्होंने 19 अप्रैल को वापस पुलिस थाने जाकर रिमांइडर देकर कार्रवाई की मांग की। उदयपुर के गोगुंदा थानाधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि घटनाक्रम तो भीलवाड़ा में हुआ है और यहां का तो कुछ मामला नहीं है। हमने परिवाद ले रखा है और इसकी जांच एएसआई विनेश कुमार को दी है। मामले की जांच अब की जाएगी। एएसआई विनेश कुमार ने भीलवाड़ा ट्रैफिक पुलिस से संपर्क कर और जानकारी जुटाई। जयदीप ने बताया कि उसने इस संबंध में उदयपुर और भीलवाड़ा एसपी कार्यालय को ई मेल कर भी पूरा माजरा बताया है। वहीं भीलवाड़ा के जिस ट्रैफिक पुलिसकर्मी लेहरूलाल ने उदयपुर के गोगुंदा निवासी जयदीप झाला को कॉल किया उनका कहना है कि भीलवाड़ा में एसपी कार्यालय के पास कोर्ट है मैं वहां ट्रैफिक व्यव-स्था संभाल रहा था। तब ये गाड़ी वहां खड़ी थी, तो मैंने गाड़ी नंबर की डिटेल निकाल वाहन मालिक को कॉल किया तो पता चला गाड़ी पर जो नंबर है वह तो उदयपुर के गोगुंदा निवासी जयदीप झाला के नाम से रजिस्टर्ड है और उनकी गाड़ी तो उनके पार्किंग में ही खड़ी है। इसी बीच एसपी ऑफिस के बाहर जिसकी गाड़ी खड़ी थी वह व्यक्ति आया और गाड़ी लेकर गया। गाड़ी के अंदर सीट पर पुलिस की कैप रखी हुई थी और गाड़ी पर पुलिस लिखा हुआ था, तो शक हुआ एसपी ऑफिस के बाहर खड़ी गााड़ी फर्जी नंबर की है।

## भाजपा अपने अंदरूनी झगड़े को सुलझाए : डोटासरा



उदयपुर। मध्यप्रदेश के तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने पर राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि आम जनता के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय भाजपा अपने अंदरूनी झगड़े को सुलझाए। यह तय करें कि ये सच्चाई है या षडयंत्र है। गोविंद सिंह डोटासरा उदयपुर के एक कार्यक्रम में मीडिया से बात कर रहे थे। डोटासरा ने कहा कि वसुंधरा राजे के मामले में कांग्रेस के लोगों को पकड़ रहे हैं। जबकि होना यह चाहिए था कि ये किसने टाइप किया और सबसे पहले किसने पोस्ट किए। राजे के खिलाफ कौन साजिश कर रहा है, यह तो पता चले। कांग्रेस को क्यों दोष दे रहे हो। जिनको पकड़ा है, अगर उन्होंने ही पहली बार पोस्ट किया है तो उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन सब जगह पोस्ट चली। सबने लगाई तो सब पर कार्रवाई होनी चाहिए। इन पर ही क्यों। डोटासरा ने कहा कि मुझे तो लग रहा है सब कुछ बदलेगा, नहीं बदला तो यहां भाजपा का नाम लेने वाला कोई नहीं होगा। राज-स्थान में एमएलए और मंत्री भी ले दे कर काम करवा रहे हैं। महिला आरक्षण के सवाल पर डोटासरा ने कहा. इस मामले में कांग्रेस सफाई नहीं दे रही है। कांग्रेस तो इनको घेर रही है। आज की तारीख में नारी अधिनियम लागू है। इस सरकार को तो उसकी क्रियान्वित करनी है, लेकिन ये लेकर बैठे हुए हैं। अब दुबारा संशोधन लेकर आ रहे हैं। ये लोग परिसीमन मर्जी से कैसे बनाएंगे। रिफाइनरी के सवाल पर पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा कि रिफाइनरी की सोच कांग्रेस की है, सोनिया गांधी ने इसका शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री को तो विदेश में घुमने से फुर्सत नहीं। पीएम ने समय नहीं दिया। चार महीने पहले शुरू हो जाती तो आज जो विकट स्थितियां है, उसमें मदद मिलती। उन्होंने कहा कि पीएम के आने से पहले हादसा होनो दुर्भाग्यपूर्ण भी है और गंभीर चूक है। डबल इंजन की सरकार लगी हुई है। फिर भी इतनी बड़ी चूक। पीएम अंदर होते, बाहर लाखों लोग होते। तब हादसा हो जाता तो हम तो मुंह दिखाने लायक भी नहीं होते। ये साजिश है, दुर्घटना है। पता करना सरकार का काम है। इसकी पूरी बात सामने आनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में लगभग 29 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, जिससे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हुआ है। संविधान प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार देता है। इस प्रकार की कार्रवाई लोकतंत्र के खिलाफ है। चिंता का विषय है। राजस्थान में लंबित पंचायतीराज चुनावों पर डोटासरा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार को ओबीसी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक कर चुनाव करवाने चाहिए थे। सरकार चुनाव टालने के लिए प्रशासकों के माध्यम से काम चला रही है। ओबीसी आयोग का गठन तो किया गया। लेकिन उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। कांग्रेस की मांग है कि ओबीसी डेटा जनता के सामने लाया जाए। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार चुनाव कराए जाएं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरी ताकत लगा दी है, लेकिन राज्य में पुनः तृणमूल कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस ने भी वहां मजबूती से चुनाव लड़ा है। पार्टी को अच्छा समर्थन मिलेगा।

## उदयपुर में गर्मी तेज हुई पर्यटन स्थल खाली




उदयपुर। उदयपुर में सूरज के तीखे तेवरों ने लोगों को बेहाल करना शुरू कर दिया है। सुबह से ही आसमान से आग बरस रही है। हालात ये है कि सुबह 11 बजते पारा 36 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को छू गया। शहर की सड़कों और बाजारों में दोपहर होते सन्नाटा पसरने लगा है। जो लोग मजबूरी में बाहर निकल रहे हैं, वे अपने चेहरे को कपड़े से पूरी तरह ढककर धूप से बचने की कोशिश कर रहे हैं। दोपहर 3Ð30 बजे पर तापमान 39 डिग्री के करीब था। गर्मी का सबसे ज्यादा असर शहर की रफ्तार पर पडा है। दोपहर के समय पर्यटन स्थल पूरी तरह सूने नजर आए। पर्यटन के लिए मशहूर शहर में अब सैलानियों ने भी दिन के समय बाहर निकलना बंद कर दिया है। इससे टूरिस्ट स्पॉट्स पर रौनक गायब है। पर्यटकों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान में सोमवार के मुकाबले 0.1 डिग्री की मामूली गिरावट रहीए लेकिन गर्मी के अहसास में कोई कमी नहीं आई। वहीं, न्यूनतम तापमान में बडा बदलाव देखने को मिला है। रविवार को जहां न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री था, वह सोमवार को करीब 4 डिग्री गिरकर 17.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि, रात की यह ठंडक दिन की तपिश को कम करने में नाकाम साबित हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों तक राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। राजस्थान के कई हिस्सों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ सकता है। इससे उदयपुर का पारा 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। ऐसे में झुलसाने वाली लू का खतरा भी बना हुआ है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए डॉक्टरों ने भी सावधानी बरतने की सलाह दी है। सीनियर फिजिशन डॉ. ओपी मीणा का कहना है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच सूरज की किरणें सबसे ज्यादा तीखी होती हैं, इसलिए इस दौरान घर से बाहर निकलने से बचें। लोग गर्मी से लडने के लिए अब ठंडे पेय पदार्थों, छाछ और नींबू पानी का सहारा ले रहे हैं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।

## उदयपुर में पहाडी से टकराया ट्रक, लगी भीषण आग



**उदयपुर।** उदयपुर में तेज रफ्तार ट्रक अचानक बेकाबू होकर पहाडी से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का केबिन टूट गया। कुछ देर में ट्रक के केबिन में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया और वह आग के गोले में तब्दील हो गया। हादसा उदयपुर.ईडर नेशनल हाईवे 58.ई पर बुधवार दोपहर को हुआ। बाघपुरा थाना क्षेत्र के रणघाटी इलाके में हुए हादसे में ड्राइवर बाल.बाल बच गया। ड्राइवर केबिन में फंस गया थाए जिसे वहां से गुजर रहे अन्य गाडियों के लोगों ने बाहर निकाला। बाद में उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। वहीं ट्रक में रखा आंगनबाडी का पोषाहार जल गया। रणघाटी जैसे संकरे और पहाडी रास्ते पर ट्रक में आग लगने से हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दोनों तरफ से आ रहे वाहन रुक गए। देखते ही देखते नेशनल हाईवे के दोनों ओर गाडियों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। हादसे की जानकारी मिलते ही बाघपुरा थानाधिकारी वेलाराम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सबसे पहले सुरक्षा के लिहाज से ट्रैफिक को रुकवाया और उदयपुर से फायर ब्रिगेड को सूचित किया। शहर से घटनास्थल काफी दूर होने की वजह से फायर ब्रिगेड को पहुंचने में करीब एक घंटा लग गया। जब तक उदयपुर से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो चुका था।

इस हादसे में सबसे ज्यादा नुकसान उस माल का हुआ, जो ट्रक में लदा था। जानकारी के अनुसार. इस ट्रक में आंगनबाडी केंद्रों के लिए सप्लाई किया जाने वाला पोषाहार भरा हुआ था। आग की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि ट्रक में रखा एक.एक पैकेट जलकर खाक हो गया। पुलिस अब ट्रक के मालिक और संबंधित विभाग से संपर्क कर रही है। पुलिस हाईवे ने क्रेन की मदद से जले हुए ट्रक को सडक किनारे हटाया और ट्रैफिक को पूरी तरह सुचारू किया। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि ट्रक में शॉर्ट सर्किट किस वजह से हुआ और क्या हादसे का कारण ट्रक के ब्रेक फेल होना था। घायल ड्राइवर को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

## पत्नी की मौत, डॉक्टरों के पीछे सरिया लेकर दौड़ा पति

**उदयपुर।** उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल में एक युवक ने रेजिडेंट डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ पर सरिए से हमला करने की कोशिश की। घटना सोमवार देर रात करीब 12.30 बजे मेडिकल इमरजेंसी आईसीयू में हुई। यहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। इस दौरान परिजनों ने हंगाम कर दिया। गुस्साए महिला के पति ने सरिए से हमला करने की कोशिश की। समय रहते उसे रोक लिया गया। सूचना पर हाथीपोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामला शांत कराया। जानकारी अनुसारए अजमेर निवासी आफरीन बानो गुलन बेरी सिंड्रोम से पीड़ित थी। वह 8 अप्रैल से वेंटिलेटर पर थी। सोमवार शाम से ही उनकी हालत नाजुक थी। ड्यूटी पर तैनात डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ आदित्य और डॉ. नरेन्द्र ने शाम को सीपीआर देकर उसे रिवाइव किया था। रात 11 बजे डॉ. हंसराज ने कमान संभालीए लेकिन आधी रात के बाद स्थिति फिर बिगड़ गई। रात 12.30 बजे मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। मौत की सूचना मिलते ही पति फारुक आपा खो बैठा। सरिया उठाकर ड्यूटी पर तैनात स्टाफ पर हमला करने का प्रयास किया। सूचना पर आरएनटी मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ राहुल जैन रात में ही अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पीड़ित डॉ हंसराज ने अधीक्षक डॉ. आरएल सुमन को लिखित शिकायत देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद रेजिडेंट डॉक्टरों में भारी नाराजगी है। उदयपुर रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ दीपेन्द्र सेवदा ने बताया. महिला चिकित्सकों सहित पूरा स्टाफ दिन-रात सेवा में लगा है। ऐसे में हमले की घटनाएं मनोबल तोड़ती है। परिसर में पूरे सप्ताह 24 घंटे पुलिस गश्त और पुख्ता सुरक्षा की जानी चाहिए।

## मां बगलामुखी की जयंती पर दो दिवसीय अनुष्ठान आज से

**उदयपुर।** शहर में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी मां बगलामुखी की जयंती पर विभिन्न अनुष्ठान 23 व 24 अप्रेल को धूमधाम से होंगे। भूपालपुरा में गटठानी हॉस्पिटल के सामने गली में प्लॉट नंबर 410 स्थित स्थानक परिसर में अनुष्ठान गुरुवार शाम से शुरू होंगें जो शुक्रवार शाम को विशेष आरती के साथ सम्पन्न होंगे। मां बगलामुखी सेवक एवं साधक संजय उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति मां बगलामुखी का प्राकोटत्सव मनाया जाएगा। शहरवासी एवं भक्त जो मां बगलामुखी की पूजा से दूर है या उन्हें जानकारी नहीं है वे यहां अनुष्ठान के दौरान सेवा दे सकते है। इस मौके पर कई विशेष आयोजन होंगे। उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार को सायं 5 से 7 बजे तक सुंदरकांड का आयोजन होगा जबकि शु' वार को सुबह मां बगलामुखी के लिए आए नए सिहांसन के शुदि्धकरण के साथ ही उसका अभिषेक किया जाएगां। इसके बाद मां बगलामुखी का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार होगा और नए सिंहासन पर उनकी स्थापना की जाएगी। इसके बाद भगवान शिव का अभिषेक होगा और भोग धराया जाएगा। तत्पश्चात मां बगलामुखी के हल्दी अभिषेक और चण्डीपाठ का आयोजन होगा। शाम को हवन अनुष्ठान किया जाएगा जिसमें भक्त शामिल होंगे। सायं 7 बजे विशेष आरती के साथ दो दिवसीय अनुष्ठान धूमधाम से संपन्न होंगे। अनुष्ठान में शामिल होनें के लिए जोधपुर, जयपुर, अहमदाबाद, सिदृधपुर, मुम्बई से भक्त आ रहे है। स्थानीय भक्त भी अधिकाधिक संख्या में इस अनुष्ठान में शामिल होकर लाभ ले सकते है।

## ज्ञान, भक्ति, कर्म और आध्यात्मिक एकता से ही अवसादमुक्त जीवन संभव : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर में जगदुरु आदि शंकराचार्य जयंती के अवसर पर ष् शंकराचार्य और अद्वैत वेदांत विषयक एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कुलपति सचिवालय सभागार में किया गया। कार्य' म में विद्वानों ने शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन की समकालीन प्रासंगिकता पर गहन विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज-स्थान विद्यापीठ के कुलाधिपति बी.एल. गुर्जर रहे, जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने की। मुख्य वक्ता लक्ष्मणपुरी गोस्वामी ए विशिष्ट अतिथियों में प्रो. विमल शर्मा, संतोष राठौड़ आदि थे। मुख्य वक्ता लक्ष्मणपुरी गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में शास्त्रार्थ में विजय प्राप्त करने के पश्चात श्रृंगेरी मठ की स्थापना का प्रसंग सुनाते हुए चारों मठों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने मठों की शासन-प्रणाली का विस्तृत विवेचन करते हुए कहा कि शंकराचार्य को भारतवर्ष के प्रथम जगदुरु के रूप में अलंकृत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहा कि शंकराचार्य ने भारत को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की अवधारणा को साकार किया। आज के समय में ज्ञान, भक्ति, कर्म एवं आध्यात्मिक एकता के माध्यम से अवसादमुक्त जीवन जीने की अत्यंत आवश्यकता है। संगोष्ठी में कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि शंकराचार्य का अद्वैत वेदांत केवल दार्शनिक चिंतन ही नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, समन्वित और सकारात्मक दिशा देने वाला मार्गदर्शन है। अपने विचार रखते हुए प्रो. विमल शर्मा ने द्वैत एवं अद्वैत वेदांत के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारे शास्त्रों में चेतन एवं अवचेतन मस्तिष्क के माध्यम से ब्रह्मांड से असीम ऊर्जा प्राप्त करने के सहज मार्गों का वर्णन मिलता है। उन्होंने अद्वैत वेदांत को आंतरिक संतुलन और मानसिक शांति का आधार बताया। कार्यक्रम के अंत में कवि श्रेणीदान चारण ने मां विषय पर अपनी भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

## उदयपुर में सडक किनारे खडे 3 युवकों को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

**उदयपुर।** उदयपुर के टीडी थाना क्षेत्र में रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े तीन युवकों को बेरहमी से कुचल दिया। तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उदयपुर.अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर पडुणा गांव स्थित अडा पुलिया के पास देर रात करीब 8 बजे हुआ। हादसा इतना तेज था कि ड्राइवर ने पूरा ट्रैक्टर तीनों युवकों पर चढ़ा दिया।

तीनों किनारे से उछलकर सड़क के बीच जा गिरे। दो जनों का सिर कुचल गया। वहीं, तीसरे के हाथ.पैर टूट गए। घटना के तुरंत बाद ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर टीडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में राकेश पुत्र जगा मीणा, प्रकाश पुत्र रामलाल मीणा निवासी कगरा पडुणा और गोमाराम पुत्र भगवती लाल मीणा की मौत हो गई। टीडी थाने के एसआई नारायण लाल ने बताया. राकेश और प्रकाश दोनों शाम करीब 7. 30 बजे उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे होते हुए परसाद गांव किसी काम से जा रहे थे। रास्ते में अड़ा पुलिया के पास इनका पडोसी और दोस्त गोमाराम मिल गया। ऐसे में राकेश और प्रकाश बाइक हाईवे किनारे लगाकर दोस्त से बात करने लगे। तभी रॉन्ग साइड से आए ट्रैक्टर ने तीनों युवकों पर गाडी चढ़ा दी। बाइक भी इसकी चपेट में आ गई। तीनों युवकों को पहले टीडी हॉस्पिटल ले जाया गया।

गंभीर हालत होने पर उन्हें एमबी हॉस्पिटल रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तीनों मजदूरी करते थे। मृतक राकेश के पिता जगा मीणा ने थाने पर ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने तीनों के शवों को एमबी हॉस्पिटल मोर्चरी में शिफ्ट कराया। जहां पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त करते हुए फरार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

# चेन्नई को हराकर मुंबई जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी

## चेन्नई के तेज गेंदबाज काम्बोज से पार पाना मुंबई के लिए चुनौती

■ कप्तान गायकवाड़ का रनों के लिए तरसना है चेन्नै की चिंता



**नई दिल्ली,** तिलक वर्मा के तूफानी शतक और नौजवान तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार के मौके पर गेंद से 'चौके' की बदौलत गुजरात टाइटंस को उसके घर में 99 रन से हरा लगातार चार हार के बाद जीत की राह पर वापस लौटी मुंबई इंडियंस अब अपनी तरह पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को भी अपने घर वानखेड़े स्टेडियम में बृहस्पतिवार को हराकर आईपीएल 2026 में जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। चेन्नई सुपर किंग्स की बड़ी चिंता अपने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ का शुरू के छह मैचों में रनों के लिए तरसना है। मुंबई इंडियंस का आईपीएल में यह इतिहास रहा है वह देर से लय पाकर वापसी करती है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई इंडियंस की गुजरात टाइटंस पर जीत के बाद उसका विजयरथ आगे बढ़ेगा या फिर उसकी गाड़ी फिर पटरी से उतर जाएगी। सदाबहार रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन के अर्द्धशतकों से मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम पर पहले मैच में केकेआर पर छह विकेट से जीत से आगाज जरूर किया लेकिन इसके बाद ये दोनों ही राह भटक गए। रोहित शर्मा चोट के चलते गुजरात टाइटंस के खिलाफ नहीं खेल पाए थे और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह सीएसके के खिलाफ मैच के लिए फिट हो पाएंगे। सीएसके ने मुंबई इंडियंस से बीते बरस मुंबई में पिछले मैच को छोड़ उससे पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं। मुंबई इंडियंस ने सीएसके से बीते बरस वानखेड़े में जो मैच जीता था जिसमें रोहित शर्मा, रेयान रिकेल्टन और सूर्य कुमार यादव ने अर्धशतक जड़े थे। मौजूदा सीजन में रोहित, रेयान, सूर्य और शेरफेन रदरफोर्ड ने मुंबई इंडियंस के लिए एक एक अर्द्ध शतक जड़ा है। सीएसके लिए खेल रहे सरफराज खान और शिवम दुबे घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलते हैं और ये दोनों वानखेड़े की पिच से वाकिफ होने के कारण मुंबई के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं।

मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के छह छह मैचों में चार चार हार और दो दो जीत के साथ समान रूप से चार चार अंक हैं। मुंबई इंडियंस अपने बेहतर नेट रन रेट के चलते सातवें और सीएसके आठवें नंबर पर है। लगातार तीन हार से आगाज के बाद सीएसके अपने घर चेन्नै में पहले संजू सैमसन के शतक से दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से और फिर केकेआर को 32 रन से हरा जीत की राह पर लौटने के बाद पिछले बेहद करीबी मैच में एसआरएच से हैदराबाद में दस रन से हार कर राह भटक गई। 19 बरस के आयुष म्हात्रे का बल्ले से बढ़िया आगाज करने के बाद छह मैचों में दो अर्धशतक सहित 201 रन बनाने और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद के जांघ की मांसपेशी में चोट के मौजूदा आईपीएल से बाहर होने से चेन्नई सुपर किंग्स का टीम संयोजन ही गड़बड़ा गया है। सदाबहार महेंद्र सिंह धोनी का अभी भी अपनी फिटनेस पाने के लिए जूझना और मौजूदा सीजन में न खेल पाना सीएसके को अभी भी बुरी तरह अखर रहा है। मुंबई इंडियंस के लिए शुरू के छह मैचों में नमन धीर ने एक अर्द्ध शतक सहित सबसे ज्यादा 154 रन, तिलक वर्मा ने एक शतक सहित 144 रन, रोहित शर्मा ने चार मैचों में और रेयान रिकेल्टन ने एक एक अर्द्धशतक पांच मैचों में समान रूप से 137-137 रन बनाए हैं।

### हमारे गेंदबाजों ने लगातार तीसरे मैच में बेहतरीन गेंदबाजी की: गायकवाड़



चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा,' सनराइजर्स हैदराबाद के पावरप्ले को देखते हुए मुझे लग रहा था कि उनका स्कोर 220-230 रन तक रहेगा। अगर उनका स्कोर 30 रन भी कम हो जाता तो मैं 200 से कम स्कोर को भी मान लेता। हमें जीत के लिए दस ओवर में बस 80 रन की जरूरत थी और इसके लिए हमें बस कुछ भागीदारियां करनी थी। हमारे गेंदबाजों ने लगातार तीसरे मैच में गेंदबाजी इकाई के रूप मे बेहतरीन गेंदबाजी की। आखिरी के मारधाड़ वाले ओवरो में 12-13 रन प्रति ओवर बनाना खासा मुश्किल था । मेरा मानना है सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक पावरप्ले में बढ़िया खेले। हमारे तेज गेंदबाज अंशुल काम्बोज अपनी गेंदबाजी खासतौर पर आखिर के मारधाड़ वाले ओवर की गेंदबाजी पर बहुत मेहनत कर रहे हैं। ऐसे गेंदबाज बहुत कम ही मिलते हैं जो कप्तान को साफ साफ बता सकें कि मुझे मालूम क्या करना है और मैं वही करने जा रहा हूं।'

### गुजरात के खिलाफ जीत की हमें शिद्दत से जरूरत थी : पांड्या



कप्तान हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस की दूसरी जीत पर कहा, 'अपने घर से बाहर जीतना हमेशा बेशक चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन हमारी मुंबई इंडियंस के लिए अहमदाबाद हमेशा मुश्किल मैदान रहा है। हमने गुजरात टाइटंस के खिलाफ बढ़िया क्रिकेट खेली। हमारे लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ यह जीत इसलिए खास रही क्योंकि हमें इस जीत की शिद्दत से जरूरत थी। तिलक वर्मा इतने प्रतिभाशाली हैं कि उन्हें कतई चिंतित होने की जरूरत नहीं है। मेरा तिलक को बस यही संदेश था गेंद को देखो और प्रहार करो। तिलक ने सही वक्त पर रंगत दिखाई। यह तिलक की यह पारी उनके और मुंबई इंडियंस के लिए बहुत जरूरी थी। जसप्रीत बुमराह का छह मैचों में पहला विकेट खासा रोमांचित करने वाला रहा। मैं बराबर यह सुन रहा था कि बुमराह पहला ओवर क्यों नहीं फेंकते लेकिन उन्होंने केवल 7-8 बार ही पहला ओवर फेंका है।यह सिर्फ हार्दिक पांड्या की नहीं बल्कि सबकी समस्या है क्योंकि बुमराह इतने खास गेंदबाज हैं कि आप उन्हें बाद में इस्तेमाल करना चाहेंगे। अश्विनी जैसे नौजवान गेंदबाज ने बीते बरस की तरह इस बार भी मौका मिलने पर बेहतरीन गेंदबाजी की। हमारा क्षेत्ररक्षण भी बढ़िया रहा ही नमन धीर की बल्लेबाजी भी काबिले तारीफ रही।

### धोनी को विकेटकीपिंग करते देखना सीएसके के लिए अच्छा संकेत: आदित्य

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में गुरुवार को लीग की दो सबसे सफल टीमें मुंबई इंडियंस (एमआई) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आमने-सामने होंगी। मुकाबला मुंबई के घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच में सीएसके की तरफ से पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी खेलेंगे या नहीं, चर्चा का विषय बना हुआ है। एमएस धोनी टीम के साथ मुंबई गए हैं, और अभ्यास सत्र में उन्हें विकेटकीपिंग करते हुए देखा गया है। इससे उनके एमआई के खिलाफ खेलने के कयास लग रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर जियोस्टार एक्सपर्ट मुंबई क्रिकेट के दिग्गज आदित्य तारे ने कहा, 'मैं अभ्यास सत्र देख रहा था और जिस बात ने मुझे सबसे ज्यादा हैरान किया, वह थी माही भाई का विकेटकीपिंग करना। मैंने उन्हें पहले कभी अभ्यास सत्र में विकेटकीपिंग ग्लव्स पहने नहीं देखा। वह आमतौर पर सिर्फ बल्लेबाजी या गेंदबाजी करते हैं। वह अभ्यास सत्र में कभी विकेटकीपिंग नहीं करते।' उन्होंने कहा, 'अभ्यास सत्र में एमएस धोनी अपना हेलमेट, पैड और कीपिंग ग्लव्स पहने हुए थे। वह शायद पिंडली की चोट के बाद अपनी मैच फिटनेस टेस्ट कर रहे हैं। हमने उन्हें पहले भी नेट्स में कई मौकों बार बल्लेबाजी करते देखा है। इस साल मैंने उन्हें पहली बार विकेटकीपिंग करते देखा है। यह एक अच्छा संकेत है।

## हैदराबाद की कमान ईशान के हाथ में होनी चाहिए : संजय

**हैदराबाद,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद ने टाटा आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स पर 47 रनों की शानदार जीत दर्ज की और पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। जियो हॉटस्टार के 'गूगल सर्च एआई मोड मैच सेंटर लाइव ' और स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव ' पर बात करते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट्स हरभजन सिंह, संजय बांगर और आदित्य तारे ने किशन की कप्तानी की जमकर तारीफ की और एमआई के खिलाफ एमएस धोनी की संभावित वापसी पर चर्चा की। संजय बांगर ने ईशान किशन की कप्तानी की जमकर तारीफ करते हुए कहा, 'एक लीडर के तौर पर, ईशान किशन अपनी बॉलिंग में बदलाव करने के मामले में रणनीतिक रूप से बहुत अच्छे हैं। वह समझते हैं कि किस बैटर के खिलाफ किस बॉलर का इस्तेमाल करना है। यह इस बात का साफ संकेत है कि वह मैच को कितनी अच्छी तरह से कंट्रोल करते हैं। वह घबराए हुए नहीं दिखते, जल्दबाजी नहीं करते, और मैदान पर सही फैसले लेते हैं। डीसी के खिलाफ जिस तरह से उन्होंने अपने स्पिनर्स का इस्तेमाल किया, वह काबिले तारीफ था। कुल मिलाकर, मेरा मानना है कि अगर पैट कमिंस वापस भी आते हैं, तो भी एसआरएच की कप्तानी ईशान किशन को ही करनी चाहिए। अक्सर ऐसा होता है कि एक भारतीय कप्तान होने से टीम में स्थिरता आती है। आप इस बात को लेकर पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते कि पैट कमिंस जैसे काबिल बॉलर आईपीएल के बाकी मैचों में कितने फिट रहेंगे, खासकर उन छोटी-मोटी चोटों को देखते हुए जिनसे वह जूझ रहे हैं।

## सबसे ज्यादा 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनें अभिषेक



■ पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई सनराइजर्स हैदराबाद

**हैदराबाद,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का बल्ला जब भी चलता है, गेंदबाजों की शामत आ जाती है और रिकॉर्ड बुक भी अपडेट हो जाती है। आईपीएल 2026 में मंगलवार को हैदराबाद में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ खेलते हुए एसआरएच के इस ओपनर ने विस्फोटक शतक लगाया और टीम के लिए सबसे ज्यादा 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए। अभिषेक शर्मा एसआरएच की तरफ से पारी की शुरुआत करने आए थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 68 गेंदों पर 10 चौकों और 10 छक्कों की मदद से नाबाद 135 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत एसआरएच ने 2 विकेट पर 242 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। एसआरएच के गेंदबाजों ने 195 रन पर दिल्ली कैपिटल्स को रोककर 47 रन से मैच जीत लिया। एसआरएच की जीत के बाद अभिषेक शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब दिया गया। इस टीम के लिए खेलते हुए 81वें मैच में उन्होंने 7वीं बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता। अभिषेक अब एसआरएच के लिए इस खिताब को सर्वाधिक बार जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने टीम के पूर्व तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को पीछे छोड़ा। आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा बने भुवनेश्वर कुमार 2014 से 2024 तक एसआरएच का हिस्सा थे, और टीम के लिए सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में उनका नाम शामिल है।

### अभिषेक का रन आउट और कैच छोड़ना भारी पड़ा : अक्षर

**हैदराबाद।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार से निराश नजर आ रहे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि अभिषेक शर्मा का रन-आउट और कैच छोड़ना हमें भारी पड़ा - अगर हमने उसे पकड़ लिया होता, तो हम उन्हें रोक सकते थे। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के 68 गेंदों पर 10 चौकों और 10 छक्कों से सजे नाबाद 135 रन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को 47 से करारी शिकस्त दे दी। अभिषेक को 49 रन पर एक लाइफलाइन मिली जब विकेटकीपर के एल राहुल ने एक आसान रन-आउट का मौका गंवा दिया। उन्हें 87 रन के स्कोर पर नीतीश राणा ने भी बॉउंड्री पर कैच टपकाकर जीवनदान दिया। अक्षर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा,''लेकिन हां, अगर कोई इतनी अच्छी बैटिंग करता है, और उनके एग्जीक्यूशन में कोई कमी नहीं है, तो ऐसे परफॉर्मेंस का क्रेडिट मिलना चाहिए। क्लासेन ने भी जिस तरह से दूसरी तरफ से बैटिंग की, उसे देखते हुए यह बॉलर की गलती नहीं है।

## सार संक्षेप

### बिनू ने कांगो में हफ्ते का सबसे अच्छा 9-अंडर का कार्ड बनाया

**लुबुम्बाशी (कांगो)।** शौर्य बिनू, एक ऐसे अनोखे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपनी पढ़ाई और गोल्फ़ को बहुत अच्छे से साथ निभाया है। अफ़्रीकन स्विंग में उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है, पिछले दो हफ़्तों में वे टॉप-10 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने अपनी इस शानदार लय को जारी रखते हुए दूसरे राउंड में 9-अंडर 64 का ज़बरदस्त स्कोर बनाया, जिससे वे एएम ग्रीन आईजीपीएल इंविटेशनल कांगो टूर्नामेंट में दो राउंड के बाद सीधे टॉप पर पहुँच गए। बिनू, जो जून में ही 22 साल के होंगे और कलिंगा यूनिवर्सिटी से ,. की डिग्री कर रहे हैं, ने पार -73 गोल्फ़ क्लब लुबुम्बाशी में पहले राउंड में 1-अंडर 72 का स्कोर बनाया था। दूसरे राउंड में उन्होंने ज़बरदस्त प्रदर्शन करते हुए 9-अंडर का कार्ड बनाया और अब 36 होल के बाद उनका कुल स्कोर 10-अंडर है। उनके पास चार अन्य खिलाड़ियों पर दो शॉट की बढ़त है। उनके पीछे चल रहे चार खिलाड़ियों के ग्रुप में पहले राउंड के संयुक्त लीडर मन्नत बरार (67-71) और तुषार पन्नू (67-71), पिछले हफ़्ते के विजेता उदयन माने (70-68) और आर्यन रूपा आनंद (71-67) शामिल हैं; ये सभी खिलाड़ी दो दिनों के खेल के बाद 8-अंडर पर हैं।

### भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने नई जर्सी लॉन्च की

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) ने आने वाली 2-वनडे और 3-टी20 बधिर क्रिकेट सीरीज (भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका) के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी बुधवार को लॉन्च की। यह सीरीज़ 25 अप्रैल से 2 मई 2026 तक दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया में सिनोविल क्रिकेट क्लब में होगी। जर्सी लॉन्च का यह कार्यक्रम आईडीसीए के सपोर्ट पार्टनर्स, आईडीसीए बोर्ड के सदस्यों और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भारतीय बधिर क्रिकेट टीम की मौजूदगी में हुआ। टीम : वीरेंद्र सिंह - कप्तान (दिल्ली), साई आकाश (तमिलनाडु) - उप-कप्तान, हिलाल वानी (जम्मू और कश्मीर), आर यशवंत नायडू (आंध्र प्रदेश), संतोष कुमार महापात्र (ओडिशा), उमर अशरफ (जम्मू और कश्मीर) - विकेटकीपर, सनिथ शेट्टी (कर्नाटक), सुदर्शन ई (तमिलनाडु), प्रनिल मोरे (मुंबई), कुलदीप सिंह (हरियाणा), विवेक कुमार (हरियाणा), अमन चौकसे (मध्य प्रदेश), सिबुन नंदा (ओडिशा), दीपक लांबा (हरियाणा) - विकेटकीपर।

## बांग्लादेश को हराकर श्रीलंका की महिला टीम ने सीरीज में बराबरी की

**राजशाही,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कप्तान चामरी अटापट्टू ( तीन विकेट और 40 रन), हर्षिता समरविक्रमा (50) और हंसिमा करुणरत्ने (40) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को 70 गेंदों शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। चामरी अटापट्टू को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। आज यहां बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश की पूरी टीम को 45 .5 ओवरों में 165 रन के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान निगार सुल्ताना ने सर्वाधिक 58 रनों की पारी खेली। सरमिन सुल्ताना ने (25), नाहिदा अख्तर ने (20), रितु मोनी ने (17), शोर्ना अख्तर (16) और राबिया खान ने (15) रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका महिला टीम की ओर से चामरी अटापट्टू ने तीन विकेट लिये। मल्की मदारा, निमाशा मीपेज और इनोका राणावीरा को दो-दो विकेट मिले। कविशा दिलहारी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## प्रीति-अरुंधति समेत 4 बॉक्सर टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल

■ प्रीति ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स और वाले एशियन गेम्स में हिस्सा लेंगी



एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रीति पवार, प्रिया, अरुंधति चौधरी और सचिन को एशियन बॉक्सिंग एलीट चैंपियनशिप 2026 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के कोर ग्रुप में शामिल कर लिया गया है। वहीं, तीन अन्य को डेवलपमेंट ग्रुप में जोड़ा गया है। यह फैसला बुधवार को हुई 172वीं मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बैठक में लिया गया। प्रीति (54 किलोग्राम), प्रिया (60 किलोग्राम) और अरुंधति (70 किलोग्राम) ने इस महीने की शुरुआत में मंगोलिया के उलानबटार में हुई कॉन्टिनेंटल मीट में गोल्ड मेडल जीते थे, जबकि सचिन (60 किलोग्राम) ने सिल्वर मेडल हासिल किया। टॉप्स फ्रेमवर्क के तहत एथलीट्स के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने वाली मिशन ओलंपिक सेल ने हाल के नतीजों, वर्ल्ड रैंकिंग और प्रदर्शन में हुई प्रगति की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया।

प्रीति इस साल के आखिर में ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स और जापान में होने वाले एशियन गेम्स में हिस्सा लेंगी। उनके साथ जैस्मीन (57 किलोग्राम), प्रिया (डब्ल्यू 60 किलोग्राम), अरुंधति (डब्ल्यू 70 किलोग्राम) और सचिन (एम 60 किलोग्राम) भी शामिल होंगे। प्रीति, प्रिया और सचिन दोनों ही इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। इन एथलीट्स ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) की चयन नीति के अनुसार कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 और एशियन गेम्स 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई किया है। सीडब्ल्यूजी 2026 में भारत के लिए मेडल जीतने के लिहाज से बॉक्सिंग एक अहम खेल बना हुआ है। इस इवेंट में शूटिंग, बैडमिंटन, कुश्ती, फील्ड हॉकी और अन्य कई ऐसे खेल शामिल नहीं हैं, जिनमें भारत को अतिरिक्त मेडल मिलने की उम्मीद हो सकती थी।

एमओसी ने एशियन चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन के आधार पर तीन और बॉक्सर आदित्य (65 किलोग्राम), दीपक (70 किलोग्राम) और हर्ष (90 किलोग्राम) को टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया है।

## टी-20 विश्व कप में अहम खिलाड़ी साबित होंगी सोफी : शार्लेट

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम की हेड कोच शार्लेट एडवर्ड्स ने स्पिन गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन को आगामी आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टीम की सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक बताया है। उन्होंने एक्लेस्टोन की शानदार वापसी की भी तारीफ की। सोफी एक्लेस्टोन ने पिछले साल एक मुश्किल दौर का सामना किया था। खासकर एशेज सीरीज के बाद वह काफी निराश थीं और कुछ समय के लिए क्रिकेट से दूर भी हो गई थीं। हालांकि, ब्रेक लेने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। उन्होंने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में शानदार गेंदबाजी की और वह सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर रहीं। एडवर्ड्स ने कहा कि यह ब्रेक एक्लेस्टोन के लिए जरूरी था। अब वह पहले से ज्यादा उत्साहित और खुश नजर आती हैं। कोच के मुताबिक, जब कोई खिलाड़ी खुशी के साथ खेलता है तो उसका प्रदर्शन भी बेहतर होता है। उन्होंने यह भी बताया कि एक्लेस्टोन अब सिर्फ गेंदबाजी ही नहीं, बल्कि बल्लेबाजी में भी योगदान देना चाहती हैं। वह खुद को एक ऑलराउंडर के रूप में विकसित करने की कोशिश कर रही हैं, जो टीम के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

## वीनस विलियम्स को लगातार 10वीं हार का सामना करना पड़ा



■ लगातार 10 मैच हारने वाली पहली पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बनी विलियम्स

मैड्रिड ओपन

**मैड्रिड,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर एक वीनस विलियम्स को मैड्रिड ओपन में कैटलिन क्वेवेडो के हाथों 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ ही उन्होंने अपना लगातार 10वां सिंगल्स मैच गंवा दिया। 45 वर्षीय विलियम्स 1975 में रैंकिंग शुरू होने के बाद से लगातार 10 मैच हारने वाली पहली पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बन गई हैं। इस अनुभवी खिलाड़ी ने आखिरी बार पिछले साल जुलाई में वाशिंगटन ओपन में अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स को हराकर कोई मैच जीता था। विलियम्स ने 2000 और 2008 के बीच पांच बार विंबलडन जीता और दो बार यूएस ओपन भी अपने नाम किया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम में सबसे ज़्यादा बार हिस्सा लेने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम है; इस साल का ऑस्ट्रेलियन ओपन उनका 95वां टूर्नामेंट था। उनकी छोटी बहन सेरेना (44 वर्ष) ने 2022 यूएस ओपन के बाद से कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन उन्होंने अभी तक आधिकारिक तौर पर संन्यास की घोषणा नहीं की है। 23 बार की ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन होने के नाते, वह 'आउट-ऑफ-कॉम्पिटिशन ड्रग टेस्टिंग पूल' में फिर से शामिल होने के बाद दोबारा खेलने की पात्र हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक अपनी आधिकारिक वापसी की घोषणा नहीं की है।

इसके विपरीत, स्पेन की 20 वर्षीय क्वेवेडो विश्व रैंकिंग में 140वें स्थान पर हैं और यह उनका पहला डब्ल्यूटीएस 1000 मैच था। इस वाइल्डकार्ड खिलाड़ी ने दूसरे सेट में 3-0 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2010 की फाइनलिस्ट विलियम्स को हराया। गौरतलब है कि विलियम्स ने अपने आठ में से छह ग्रैंड स्लैम खिताब तब ही जीत लिए थे, जब उनकी यह प्रतिद्वंद्वी पैदा भी नहीं हुई थी।

### आईपीएल 2026 अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 11 | +1.420 |
| 2 | आरसीबी | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.171 |
| 3 | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.820 |
| 4 | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.599 |
| 5 | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.310 |
| 6 | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.821 |
| 7 | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 4 | +0.067 |
| 8 | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.780 |
| 9 | लखनऊ सुपर जायंट्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.173 |
| 10 | केकेआर | 7 | 1 | 5 | 3 | 0.879 |